कार्रवाई पुलिस कार्यवाही से अवैध धन्धे करने वालों में मचा हड़कंप

ग्राम बोथिया के दो अलग-अलग जुआ फड़ों पर पुलिस ने दबिश देकर 10 जुआरियों को दबोचा

नव भारत न्यूज,
बड़चिचोली ,15 सितंबर, बड़चिचोली पुलिस चौकी के ग्राम बोथिया के दो अलग-अलग पर संचालित जूआ फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर कुल 10 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर इनके खिलाफ कार्यवाही की गई ।पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध धन्धे करने वालों में हड़कंप व्याप्त हैं ।

जिला पुलिस अधीक्षक चन्द्रप्रकाश परिहार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना के निर्देश तथा एसडीओपी बृजेश भार्गव एवं थाना प्रभारी अमित दानी के मार्गदर्शन में चौकी बड़ चिचोली पुलिस प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम बोथिया के दो अलग अलग जुआ फड़ पर दबिश देकर यहा से 10 जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ बड़चिचोली पुलिस चौकी लाकर इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

प्रथम प्रकरण में मनेश डोंगरे निवासी बोथिया, सुनील इनवाती निवासी कोडर, रतन चौधरी निवासी आजनगांव, सूरज नवसरे निवासी बोथिया एवं प्रवीण खड़से को पकड़ा गया। इनके कब्जे से ?2,480 नगद एवं 52 ताश के पत्ते बरामद कर विधिवत जप्त किए गए।

द्वितीय प्रकरण में शुभम पाटील निवासी बड़ चिचोली, मुरलीधर राउत निवासी बोथिया, जावेद निवासी बड़ चिचोली, यश मानमोड़े निवासी बोथिया एवं संजय खड़से निवासी बोथिया को जुआ खेलते पकड़ा गया। इनके कब्जे से ?2,650 नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए।

इस प्रकार दोनों प्रकरणों में

कुल ?5,130 नगद राशि एवं ताश के पत्ते जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। इस उक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद डोंगरे, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र उइके, आरक्षक ओमबीर, आरक्षक पंकज शर्मा एवं आरक्षक रोहित तिलानते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वडनगर से वाराणसी बाइक रैली के लिए पांढुर्णा के युवा रवाना, सौंसर में स्वागत

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वडनगर से वाराणसी बाइक रैली आयोजित हो रही है। पांढुर्णा जिले के युवाओं ने रैली के लिए प्रस्थान किया, सौंसर में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ,पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड सहित भाजपा पदाधिकारियों ने संजय पराड़कर, राहुल राय समेत युवाओं का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा यह रैली युवा ऊर्जा और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है, जो मोदी जी की सेवा यात्रा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी।

ग्राम संगम में नवनिर्मित रंगमंच का विधायक ने किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संगम में विधायक निधि से स्वीकृत 1 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित रंगमंच का गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विधायक विजय चौरे ने लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री चौरे ने कहा कि किसी भी जीवंत समाज की पहचान उसकी सांस्कृतिक चेतना और कलात्मक अभिव्यक्तियों से होती है। यह रंगमंच केवल ईंट-गारे का ढांचा नहीं, बल्कि युवाओं, कलाकारों और आम जन की आकांक्षाओं का प्रतीक है। आने वाले समय में यह मंच लोक कला, संगीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों के साथ ही सामाजिक बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों और जन-संवाद का केंद्र बनेगा, जिससे युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिलेगा। विकास केवल सड़कों और इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समृद्धि भी उतनी ही जरूरी है। यह रंगमंच सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जनार्दन टापरे, युवराज वासाडे, सरपंच पिलाजी गोडबोले, पूर्व सरपंच काशीराव ताजने, हरिभाऊ घुगल, नेमाजी ताजने, पांडुरंग भुरसे, जुबेर अली, शैलेंद्र चटप, प्रकाश ताजने, मोहितराम सुमेरी, लीलाधर ताजने, सुनील भोयर सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम संगम में नवनिर्मित रंगमंच का विधायक ने किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संगम में विधायक निधि से स्वीकृत 1 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित रंगमंच का गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विधायक विजय चौरे ने लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री चौरे ने कहा कि किसी भी जीवंत समाज की पहचान उसकी सांस्कृतिक चेतना और कलात्मक अभिव्यक्तियों से होती है। यह रंगमंच केवल ईंट-गारे का ढांचा नहीं, बल्कि युवाओं, कलाकारों और आम जन की आकांक्षाओं का प्रतीक है। आने वाले समय में यह मंच लोक कला, संगीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों के साथ ही सामाजिक बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों और जन-संवाद का केंद्र बनेगा, जिससे युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिलेगा। विकास केवल सड़कों और इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समृद्धि भी उतनी ही जरूरी है। यह रंगमंच सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जनार्दन टापरे, युवराज वासाडे, सरपंच पिलाजी गोडबोले, पूर्व सरपंच काशीराव ताजने, हरिभाऊ घुगल, नेमाजी ताजने, पांडुरंग भुरसे, जुबेर अली, शैलेंद्र चटप, प्रकाश ताजने, मोहितराम सुमेरी, लीलाधर ताजने, सुनील भोयर सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम विशाला में बुखार के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया उपचार

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. ग्राम पंचायत देवी के आश्रित ग्राम विशाला में बुखार, सर्दी-खांसी और बदन दर्द से पीड़ित मरीज मिलने की सूचना सरपंच द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकडे को दी गई। सूचना को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सीएचओ श्रीमती रीना वाघमारे के नेतृत्व में टीम को ग्राम विशाला भेजा। टीम द्वारा पीड़ित मरीजों का त्वरित उपचार किया गया। इनमें 13 मरीजों का इलाज किया गया अब वह स्वास्थ्य है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोई भी मरीज गंभीर रूप से बीमार नहीं पाया गया। आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर कड़ी नजर रखें, गांव का नियमित सर्वे करें और किसी भी आकस्मिक स्थिति में खंड चिकित्सा अधिकारी को तुरंत सूचित करें।

ऋषि पंचमी पर धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने किया स्नान-पूजन

नवभारत न्यूज़ सौंसर 15 सितंबर. ऋषि पंचमी के अवसर पर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने भक्तिभाव के साथ स्नान कर पूजा-अर्चना की। नगर के शिवालयों में भक्तों ने कढ़ाई कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा ।मोहगांव स्थित श्री अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग के सर्पा नदी पर बने ऋषि मंदिर में दिनभर महिलाओं ने पूजा-अर्चना की और सर्पा नदी में स्नान किया। इसके अलावा घोघरा, श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सांवली और कन्हान संगम में भी भक्तों ने स्नान कर ऋषि पंचमी मनाई। इस अवसर पर नगर परिषद मोहगांव के सीएमओ राजाराम वरठी और नप अध्यक्ष संदीप दादू घाटोंडे द्वारा सर्पा नदी की पूरी तरह सफाई करवाई गई तथा आवागमन मार्ग पर व्यवस्था की गई, जिससे महिलाओं को स्नान करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा ग्राम जामघाट स्कूल का औचक निरीक्षण किया

नव भारत न्यूज
पांढुरना,15 सितंबर, ग्राम जामघाट की प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का मंगलवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मोहित गनवीर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें शिक्षको द्वारा पढ़ाए जाने के संदर्भ मे जानकारी ली ।

इस निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, विद्यालय परिसर की स्वच्छता तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं

का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

श्री गणवीर ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशानुसार विद्यालयीन व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

डॉक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. प्रिया मोहोड के निवास पर विराजे भगवान श्री गणेश

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. डॉक्टर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. प्रिया राहुल मोहोड के निवास पर भगवान श्री गणेश की स्थापना की गई। इस अवसर पर परिवारजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बप्पा का स्वागत किया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की।

मोहगांव में 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत न्यूज
सौंसर 15 सितंबर. नगर के वार्ड नं. 5 निवासी करण बाबूलाल उइके (24) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह परिजन काम पर गए थे। दोपहर करीब 1:30 बजे मां घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से मामा के लड़के ने घर के ऊपर के कवेलू अलग कर अंदर देखा तो करण पंखे से लटका मिला। सूचना मिलते ही एसआई भलावी और आरक्षक वृषभ मौके पर पहुंचे, पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सौंसर भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिष्ठान भंडारों का आकस्मिक निरीक्षण, स्वच्छता बनाए रखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सौंसर में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मिष्ठान भंडारों का आकस्मिक निरीक्षण किया टीम ने बीकानेर मिष्ठान भंडार, राजपुरोहित मिष्ठान भंडार और कुरोठे मिष्ठान भंडार में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और साफ-सफाई का जायजा लिया। संचालकों को प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाए रखने और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। विभाग ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच आगे भी जारी रहेगी।

हरियाली उत्सव से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज़
सौंसर 15 सितंबर. पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए रमाबाई बाबासाहेब आंबेडकर महिला मंडल सौंसर द्वारा हरियाली उत्सव का आयोजन किया गया। बुद्ध विहार प्रांगण में आयोजित उत्सव के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

महिला मंडल की महिलाओं ने कहा कि पृथ्वी पर जीव जगत के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर गीत-गायन, नृत्य, फुगड़ी, वन मिनट शो, कुर्सी दौड़ और जलपान जैसे कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष कल्पना गजभिये, रेणुका ठवरे, गिरिजा डोंगरे, कुसुम सहारे, चंदा सहारे, ज्योति बंसोड, माया गजभिये, वनिता वाहने, चंद्रकला दुफारे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

अपर कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना,15 सितंबर, जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई ।जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्रीमती ठाकुर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में

आबादी/स्वामित्व सर्वे के दौरान हुई तकनीकी त्रुटि को सुधारने एवं शासकीय मद से हटाकर आवेदक के नाम पट्टा बहाल करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही बिजली चोरी के संबंध में लाइनमैन एवं जेई द्वारा पंचनामा बनाए जाने, ग्राम पंचायत भुयारी के ग्राम बेलगांव के वार्ड क्रमांक 13 में अधूरे नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने तथा दिव्यांग आवेदक को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन भी प्रस्तुत किए गए।

इसी प्रकार संत ज्ञानेश्वर वारकरी सेवा समिति, पांढुर्णा को दान में दी गई भूमि की अनावेदक द्वारा अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री किए जाने की जांच कर भूमि वापस दिलाने, कर्ज माफी सहित अन्य व्यक्तिगत एवं स्थानीय समस्याओं से संबंधित आवेदन भी नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर पात्रतानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा पात्र आवेदकों को शासन के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक राहत उपलब्ध कराई जाए।

जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर सिद्धार्थ पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पांढुरना जिले में 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत किसानों को मिलेगा 45 से 55 प्रतिशत तक अनुदान

पांढुरना,15 सितम्बर,उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 में संचालित 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' (पीडीएमसी) योजना के अंतर्गत जिले में ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देने के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के घटक पोर्टल स्प्रिंकलर में विभिन्न वर्गों के किसानों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। योजना के तहत अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 14.000 हेक्टेयर तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 5.000 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार मिनी स्प्रिंकलर के लिए सामान्य (जनरल) वर्ग में 19.200 हेक्टेयर, एसटी वर्ग में 9.600 हेक्टेयर तथा एससी वर्ग में 4.400 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है ।वहीं ड्रिप संयंत्र के अंतर्गत एसटी वर्ग के लिए 2.700 हेक्टेयर तथा एससी वर्ग के लिए 1.700 हेक्टेयर का लक्ष्य शेष है। इस प्रकार योजना के माध्यम से किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

बड़े किसानों को 45 प्रतिशत और लघु-सीमांत किसानों को 55 प्रतिशत अनुदान : योजनांतर्गत पात्र किसानों को शासकीय निर्धारित इकाई लागत का 45 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जबकि लघु एवं सीमांत किसानों को शासकीय निर्धारित इकाई लागत का 55 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इससे किसानों को ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर जैसी जल बचत आधारित सिंचाई तकनीक अपनाने में आर्थिक सहायता मिलेगी।